राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल

# सम्पर्क सरिता

वर्ष–18, अंक–04 अक्टुबर–दिसंबर 2017

## उद्यमिता दिवस संपन्न

### उद्यमी को रचनात्मक एवं नवाचारी होना जरूरीः– श्री सी.पी.शर्मा



कार्यक्रम को संबोधित करते श्री सी.पी. शर्मा

09 नवंबर, 2017 को संस्थान में भारत सरकार के निर्देश पर ''उद्यमिता दिवस'' मनाया गया। उद्यमिता दिवस का मुख्य विषय ''युवा उद्यमिता में सांस्कृतिक बदलाव को उत्प्रेरित करना था।'' इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संचालक मण्डल के सदस्य एवं प्रख्यात उद्यमी दौलत राम इंजीनियरिंग सर्विसेस के एम.डी. श्री सी.पी. शर्मा ने अपने उद्बोधन में बहुत ही रोचक तरीके से उद्यमिता विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने एनआईटीटीटीआर भोपाल के शिक्षकों से कहा कि आप यहां प्रशिक्षण हेतु आने वाले तकनीकी शिक्षकों को इस विषय में जागरूक कर देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि जो युवा खुली आंखो से सपने देखते हैं, रचनात्मक एवं नवाचारी हैं, एक बेहतर उद्यमी बन सकते हैं। असफलता भी उद्यमिता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। इससे सीख लेते हुये अपनी कमियों को दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं एनआईटीटीटीआर भोपाल के निदेशक प्रो. सी. थंगराज ने बहुत रोचक उदाहरण प्रस्तुत किये कि किस तरह उनके विद्यार्थी उद्यमी बने एवं सफलता अर्जित की। उन्होंने कहा कि एक उद्यमी में वित्तीय जोखिम को झेलने का साहस भी होना चाहिए। अतः आप जब इस दिशा में प्रयास करें या जो भी व्यवसाय प्रारंभ करें उसके बारे में आपको ज्ञान होना आवश्यक है। आप योजना एवं ईमानदारी के साथ प्रयास करें तो सफलता निश्चित है। लेकिन जो कार्य प्रारंभ करें उसे पूरे दिल से करें। श्री एम.एस. बेलवाल ने ग्रामीण भारत में चल रहे सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के बारे में विवरण दिया। उन्होंने नवोदित उद्यमी हेतु म.प्र. सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं एवं मार्गदर्शन पर प्रकाश डाला। उन्होंने उद्यमिता के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. के कार्यकारी निदेशक श्री नवनीत चटवाल ने सरकार द्वारा उद्यमिता के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों पर प्रकाश डालते हुये कहा कि ''स्वर्णिम स्टार्टअप एवं इनोवेशन यूनिवर्सिटी'' गुजरात को एक अभिनव प्रयास बताया। उन्होंने देश के सूक्ष्म उद्योगों को देश के विकास के लिये महत्वपूर्ण माना। म.प्र. वेंचर फाइनेंस लिमिटेड के एम.डी. डॉ. संदीप कड़वे ने कहा कि शिक्षकों को विद्यार्थियों हेतु उद्यमिता प्रशिक्षण प्रदान करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से कहा कि कोई भी व्यवसाय प्रारंभ करने से पूर्व उस क्षेत्र के विशेषज्ञों का मार्गदर्शन अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों में उद्यमिता विकास एवं मार्गदर्शन हेतु ''इंक्युवेशन सेन्टर'' की स्थापना पर जोर दिया। प्रो. आर.जी. चौकसे ने देश में उद्यमिता विकास हेतु भारत सरकार द्वारा 1986 से आज तक किये गये प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आप उद्यमी बनकर अन्य लोगों के लिये रोजगार के अवसर उपलब्ध करा सकते हैं। उन्होंने देश के आर्थिक उदारीकरण, वैश्विकरण, निजीकरण की नीतियों के परिणामों पर भी चर्चा की। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. निशिथ दुबे थे। उद्यमिता दिवस के अवसर पर अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये गए, जिनमें एनआईटीटीटीआर परिसर में पर्यावरण समस्या एवं निदान पर रचनात्मक सुझाव भी आमंत्रित किये गये। कार्यक्रम में एनआईटीटीटीआर भोपाल के संकाय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अतुल मिश्रा ने किया।



# राष्ट्रीय शिक्षा दिवस संपन्न



कार्यक्रम को संबोधित करते श्री अवनीश श्रीवास्तव

स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के जन्म दिन के उपलक्ष्य में 11 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर संस्थान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अवनीश श्रीवास्तव, निदेशक, एम्प्री थे एवं अतिथि के रूप में प्रो. आर.पी. खम्बायत, संयुक्त निदेशक, पंडित सुन्दरलाल शर्मा व्यवसायिक शिक्षा संस्थान, भोपाल थे। संस्थान के निदेशक डॉ. सी. थंगराज ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. अंजना तिवारी ने शिक्षा के महत्व को समझाया और डॉ. प्रभाकर सिंह ने श्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रो. बी.एल. गुप्ता, अधिष्ठाता शैक्षणिक ने शिक्षा दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य समझाया। उन्होंने कहा कि इससे प्रेरणा लेकर हम शिक्षा को नये आयाम दे सकते हैं, जो देश की प्रगति में कारगर हों। कार्यक्रम के अतिथि प्रो. आर.पी. खम्बायत ने युवाओं के लिए वर्तमान शिक्षा प्रणाली एवं तकनीकी शिक्षा में विभिन्न संभावनाओं पर प्रकाश डाला। श्रीमति शोभा लेखवानी ने बहुत ही सुन्दर शब्दों में शिक्षा के महत्व को समझाते हुये कहा कि वास्तविक शिक्षा वही है जो मनुष्य को सामाजिक समानता का भाव प्रदान करती है। शिक्षा का उद्देश्य केवल भौतिक लक्ष्यों के लिए ना हो बल्कि सामाजिक उन्नयन का होना चाहिए। शिक्षा में नैतिक विचारों का विकास ही शिक्षा का मुख्य लक्ष्य होना चाहिए। डॉ. समीना फर्रूख ने "शिक्षा एवं सतत् विकास" विषय पर अपनी प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने सतत विकास को शैक्षणिक संस्थानों के साथ जोड़ते हुये सभी विषयों में इसका समावेश करने की बात कही। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. सी. थंगराज ने अपने उद्बोधन में तकनीकी शिक्षा के वर्तमान स्तर एवं उसमें शिक्षकों की मुख्य भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अवनीश श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में भारत की शिक्षा प्रणाली पर प्रकाश डालते हुए वास्तविक शिक्षा का महत्व समझाया। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य यह है कि भारत का हर नागरिक पढ़–लिख सके और आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत सर्वाधिक युवा जनसंख्या वाला देश है और युवाओं को सही शिक्षा एवं प्रशिक्षण देकर आने वाली चुनौतियों के लिये तैयार करना है। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. अंजना तिवारी ने आभार व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय एकता दिवस संपन्न

संस्थान में भारत सरकार के निर्देशानुसार 31 अक्टूबर 2017 को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सय्यद मोहम्मद अफजल, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, (पुलिस कल्याण) मध्यप्रदेश थे। उन्होंने संस्थान में अपने अनुभवों को साझा करते हुये राष्ट्रीय एकता को बनाये रखने का आव्हान किया। संस्थान के प्रभारी निदेशक डॉ दशरथ सिंह करौलिया ने मुख्य अतिथि को पुस्तक भेंट कर उनका स्वागत किया और सभी संकायगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को संबोधित किया। डॉ एम ए रिजवी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की एवं डॉ. एस.एस. केदार ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ दिलवाई। इस अवसर पर भाषण, पोस्टर, निबंध आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इन प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित कर पुरस्कार वितरित किये गये। तत्पश्चात् कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। प्रो. अजय कुमार जैन, विभागाध्यक्ष, सिविल एवं पर्यावरण अभियांत्रिकी विभाग, डॉ एम ए रिजवी, विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर अभियांत्रिकी विभाग, डॉ एस एस केदार, इलेक्ट्रानिक मीडिया विभाग एवं डॉ वंदना सोमकुंवर, विभागाध्यक्ष, मेकेनिकल अभियांत्रिकी विभाग के निर्देशन में समस्त गतिविधियों का सफलता पूर्वक संचालन हुआ।




कार्यक्रम को संबोधित करते सय्यद मोहम्मद अफज़ल

# एन.बी.ए. एक्रीडिटेशन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



कार्यक्रम को संबोधित करते प्रो. वीरेन्द्र कुमार

संस्थान द्वारा मध्यप्रदेश के इंजीनियरिंग/पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों के वरिष्ठ प्राध्यापकों के लिए 27 से 29 दिसंबर, 2017 तक शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय जबलपुर में एन.बी.ए. एक्रीडिटेशन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन डॉ. वीरेन्द्र कुमार, संचालक तकनीकी शिक्षा म.प्र. ने किया। उन्होंने अपने उदबोधन में कहा कि म.प्र. के शासकीय इंजीनियरिंग/पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों की एनबीए के अनुसार कमियों को एक वर्ष में दूर कर लिया जायेगा। शासन स्तर एवं संचालनालय स्तर पर इस दिशा में तेजी से प्रयास किये जा रहे हैं। संस्था स्तर पर भी प्रभावी रूप से तैयारी करने की आवश्यकता है। संस्था के प्राचार्य डॉ. एस.एस ठाकुर ने कहा कि प्रदेश एवं देश की पुरानी संस्था होने के कारण हमें शीघ्र एनबीए एक्रीडिटेशन के प्रयास करने चाहिये। इस कार्यक्रम में एनबीए के डाक्यूमेन्ट जैसे सेल्फ असेसमेन्ट रिपोर्ट, इवेल्यूवेशन मेन्यूअल गाईड लाईन डाक्यूमेन्ट एवं प्रशिक्षण सामग्री पर विस्तृत चर्चा की गई। यह संस्था टीअर वन एवं तकनीकी शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन कार्यक्रम प्रोजेक्ट तीन के अंतर्गत आती है। अतः एक्रीडिटेशन हेतु इसकी जवाबदारी और भी बढ़ जाती है। प्रशिक्षण के दौरान चर्चा एवं उदाहरणों के माध्यमों से गुणवत्ता की आवश्यकताओं को स्पष्ट किया गया। प्रशिक्षणार्थियों को सेंम्पल आउटकम तैयार करने एवं प्रस्तुतिकरण करने हेतु भी कहा गया। प्रशिक्षण के दौरान संस्था द्वारा किये गये कार्यों की एनबीए के परिपेक्ष में समीक्षा कर शक्तियों, कमजोरियों एवं कमियों को ज्ञात किया गया। सभी प्रशिक्षणार्थियों ने एक्रीडिटेशन प्रक्रिया पर कई प्रश्न पूछे जिनका निराकरण किया गया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. एस.एस ठाकुर ने सूचित किया कि संस्था के शेष प्राध्यापकों के लिए भी इस प्रकार का प्रशिक्षण एनआईटीटीटीआर भोपाल के माध्यम से आयोजित किया जायेगा। साथ ही राष्ट्रीय परियोजना कार्यान्वयन इकाई के माध्यम से आ रहे 45 सहायक प्राध्यापकों हेतु एनआईटीटीटीआर भोपाल के माध्यम से इण्डक्शन कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. बी.एल. गुप्ता थे एवं संकाय सदस्य के रूप में प्रो. एम.ए. रिजवी ने अपना योगदान दिया।

# संविधान दिवस संपन्न



कार्यक्रम को संबोधित करते प्रो. तपन आर. मोहन्ती

26 नवंबर, 2017 को राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल द्वारा संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय, भोपाल के प्रो. तपन आर. मोहन्ती उपस्थित थे। संस्थान के प्रभारी निदेशक प्रो. दशरथ सिंह करौलिया ने प्रो. मोहन्ती का पुस्तक भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. मोहन्ती ने अपने उदबोधन में संविधान की आवश्यकता, विकास और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किस प्रकार संविधान आम जनमानस का सशक्तिकरण करता है। इस बात को प्रो. मोहन्ती ने उदाहरण के माध्यम से समझाया। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान न्याय, स्वतंत्रता, समानता और सम्प्रभुता प्रदान करता है। प्रो. करौलिया ने अपने उदबोधन मे कहा कि आम जनमानस को भी संविधान का कुछ ज्ञान होना चाहिए, विशेषकर मौलिक कर्तव्यों का। संस्थान के अधिष्ठाता प्रशासन प्रो. पियूष वर्मा ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निशीथ दुबे ने किया एवं आभार प्रो. प्रभाकर सिंह ने व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के संकायगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

# प्रशिक्षु आधारित शिक्षण अधिगम विधियों पर कार्यक्रम




सिल्वर ओक संस्थान अहमदाबाद, गुजरात ने एनआईटीटीटीआर भोपाल से प्रशिक्षु केन्द्रित विधियों पर एक मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने हेतु आग्रह किया था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को संस्थान की प्रशिक्षण आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया। प्रशिक्षण की संरचना के अनुसार प्रशिक्षण सामग्री, प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा की जाने वाली गतिविधियों एवं प्रशिक्षण रणनीतियों की संरचना की गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्री टेस्ट, पोस्ट टेस्ट, 18 व्यक्तिगत एवं समूह गतिविधियों का निर्माण किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन लर्नर सेन्टर्ड विधियों का प्रदर्शन करके किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्री टेस्ट एवं पोस्ट टेस्ट को इस प्रकार डिजाईन किया गया कि इस टेस्ट का उपयोग प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण के पूर्व का स्तर, उनकी सीखने की समस्या, प्रगति एवं सीखने का मूल्यांकन किया जा सके। मूल्यांकन टेस्ट का उपयोग हेण्डआउट के रूप में भी किया गया। प्रशिक्षण संचालन में उदाहरण गैर उदाहरण, एनालॉजी, प्रेजेंटेशन, रोल प्ले, केस विधि, ग्रुप डिस्कशन, सृजनशीलता विधियों का उपयोग किया गया। सम्पूर्ण प्रशिक्षण की विडियो रिकार्डिंग की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन प्रो. शाह एवं प्रो जडेजा ने किया एवं समापन में दोनों प्राचार्य के अतिरिक्त समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। समापन कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उत्कृष्ट बताया एवं कहा कि इस प्रशिक्षण में उन्हें उनकी अपेक्षाओं से अधिक सीखने को मिला। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशिक्षण की विधि रोचक एवं लर्नर सेन्ट्रिक रही। यह प्रशिक्षण परफार्मेन्स बेस्ड असेसमेन्ट के सिद्धांत पर संस्थान का पहला कार्यक्रम था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. बी.एल.गुप्ता थे एवं प्रो. डी.एस. करौलिया ने सहयोग प्रदान किया।

# संचालक मण्डल की बैठक संपन्न

संचालक मण्डल की 137वीं बैठक 24 अक्टुबर, 2017 को संपन्न हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर निर्णय लिये गये। डॉ. एस. के. गुप्ता, कुलपति, राजीव गॉधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल को संस्थान की वित्त समिति में सदस्य मनोनित किया गया और संस्थान के विस्तार केंद्र अहमदाबाद, गोवा, छत्तीसगढ़ में भविष्य में होने वाली अकादमिक गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने के प्रयासों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।


बैठक को संबोधित करते श्री सी.पी. शर्मा

# संस्थान में सतर्कता सप्ताह संपन्न



30 अक्टुबर से 04 नवंबर, 2017 तक सतर्कता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस वर्ष का विषय **"मेरा लक्ष्य भ्रष्टाचार मुक्त भारत"** था। 30 अक्टुबर, 2017 को संस्थान के मुख्य सतर्कता अधिकारी प्रो. आर.के. दीक्षित ने संस्थान के संकाय सदस्य/अधिकारियों/कर्मचारियों/प्रशिक्षणार्थियों एवं छात्र–छात्राओं को सतर्कता की शपथ दिलाई।

# नगर राजभाषा कार्यान्वय समिति की अर्धवार्षिक बैठक संपन्न

29 दिसंबर, 2017 को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अर्धवार्षिक बैठक का आयोजन संस्थान में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता संस्थान के प्रभारी निदेशक प्रो. व्ही.एच. राधाकृष्णन ने की। बैठक में 30 से अधिक सदस्य केन्द्रीय कार्यालयों के संस्था प्रमुख एवं राजभाषा अधिकारी सम्मिलित हुए। इस बैठक में प्रथम बार राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सदस्य कार्यालय को चल–शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस बार यह चल–शील्ड सेन्ट्रल फ्रंटियर भारतीय–तिब्बत सीमा पुलिस, भोपाल को प्रदान की गई। अध्यक्ष महोदय एवं सदन ने विजेता सदस्य कार्यालय को हार्दिक बधाई प्रेषित की।


पुरस्कार प्रदान करते प्रो. व्ही.एच. राधाकृष्णन

# औद्योगिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन पर कार्यक्रम



संस्थान के अनुप्रयुक्त विज्ञान विभाग द्वारा 30 अक्टुबर से 03 नवंबर, 2017 तक ''औद्योगिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन'' विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को औद्योगिक दुर्घटना के मनोवैज्ञानिक कारण, प्राकृतिक दुर्घटना, जोखिम का विश्लेषण, आपदा प्रबंधन में तकनीकी का प्रयोग, रासायनिक औद्योगिक इकाई में सुरक्षा, नाभिकीय विकिरण का आपदा प्रबंधन, इलेक्ट्रानिक कचरा प्रबंधन, उद्योगों में विद्युत जोखिम, आपदा प्रबंधन आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षणार्थियों को यूनियन कार्बाईड, भोपाल का भ्रमण भी कराया गया। इस कार्यक्रम में पॉलिटेक्निक / इंजीनियरिंग संस्थान के शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. पी.के. पुरोहित थे। संकाय सदस्य के रूप में डॉ. बशीरुल्ला शेख, डॉ. हुसैन जीवाखान एवं डॉ. अतुल मिश्रा ने सहयोग प्रदान किया।

# ग्रीन टेक्नोलॉजी पर प्रशिक्षण



संस्थान के अनुप्रयुक्त विज्ञान विभाग द्वारा 13 से 17 नवंबर 2017 तक ''हरित प्रौद्योगिकी का प्रयोग'' विषय पर सतत विकास हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को हरित प्रौद्योगिकी के उपयोग से सतत विकास, हरित रसायन, ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण प्रदूषण, इंजीनियरिंग एवं विज्ञान में उपयोगी हरित प्रौद्योगिक, ऊर्जा के वैकल्पिक साधन, हरित क्रय, ग्रीन बिल्डिंग, कार्बन क्रेडिट, हरित ईंधन आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. बशीरुल्ला शेख थे। संकाय सदस्य के रूप में प्रो. पी.के. पुरोहित एवं डॉ. हुसैन जीवाखान ने अपना योगदान दिया।

# व्यावसायिक प्रशिक्षकों हेतु प्रशिक्षण



संस्थान में 13 से 17 नवंबर, 2017 तक ''व्यावसायिक प्रशिक्षकों हेतु निःशक्त जन परियोजना के अंतर्गत कार्यक्रम'' विषय पर मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रायोजित निःशक्तजन परियोजना के अंतर्गत नियुक्त प्रशिक्षकों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य परियोजना के अंतर्गत नवनियुक्त प्रशिक्षकों को परियोजना के संबंध में विस्तार से जानकारी देना एवं उनकी क्षमता का विकास करना था, जिससे वे परियोजना का सफल क्रियान्वयन कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान क्षेत्रीय विकलांग पुनर्वास केंद्र, खजूरीकलां, भोपाल में एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में 23 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. अजय कुमार जैन थे एवं संकाय सदस्य के रूप में प्रो. एम.सी. पालीवाल ने सहयोग प्रदान किया।

# इंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों के लिए प्रत्यानयन पर कार्यक्रम



संस्थान के व्यावसायिक शिक्षा एवं उद्यमिता विकास विभाग द्वारा 02 से 06 अक्टूबर, 2017 तक ''इंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों के लिए प्रत्यानयन'' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को ऐक्रीडिटेशन के बारे में विस्तार से बताया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में इंजीनियरिंग / पॉलिटेक्निक संस्थान के शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. चंचल मेहरा थी। संकाय सदस्य के रूप में डॉ. आर.के. दीक्षित ने सहयोग प्रदान किया।

## ऑटोमोबाईल इंजीनियरिंग पर प्रशिक्षण



मेकेनिकल अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 06 से 10 नवंबर, 2017 तक ''एडवान्सेस इन ऑटोमोबाईल इंजीनियरिंग'' विषय पर विस्तार केन्द्र अहमदाबाद में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को मेगा ट्रेंड्स इन आटोमोबाईल टेक्नोलॉजी, आधुनिक वाहन से संबंधित नवीन तकनीक एवं वाहन के रखरखाव से संबंधित विभिन्न पहलुओ पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। दो पहिया एवं तीन पहिया वाहन के उपयोग को देखते हुए उसकी टेक्नोलॉजी के बारे में विस्तार से बताया गया। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. के.के. जैन थे।

## अकादमिक ऑडिट और एन.बी.ए. प्रत्यानयन पर कार्यक्रम



संस्थान के व्यावसायिक शिक्षा एवं उद्यमिता विकास विभाग द्वारा 04 से 08 दिसंबर, 2017 तक ''अकादमिक ऑडिट और एन.बी.ए. प्रत्यानयन'' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में इंजीनियरिंग/पॉलिटेक्निक संस्थान के शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की समन्वयक प्रो. चंचल मेहरा थी। संकाय सदस्य के रूप में डॉ. निशिथ दुबे ने सहयोग प्रदान किया।

## आपदा प्रबंधन पर कार्यक्रम

राजभाषा कार्यान्वियन समिति के तत्वावधान में 13–14 नवम्बर, 2017 को ''आपदा प्रबंधन'' विषय पर हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें संस्थान से 09 एवं भोपाल नगर के केन्द्रीय कार्यालयों से 07 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यशाला के समन्वयक प्रो. एम.सी. पालीवाल थे एवं संकाय सदस्य के रूप में प्रो. पी के पुरोहित ने सहयोग प्रदान किया।

## नोटशीट / पत्रलेखन व प्रशासकीय प्रक्रियाओं पर कार्यक्रम

राजभाषा कार्यान्वियन समिति के तत्वावधान में 04–05 दिसम्बर, 2017 को ''नोटशीट / पत्रलेखन व अन्य मूलभूत प्रशासकीय प्रक्रियाएं'' विषय पर हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें संस्थान से 10 एवं भोपाल नगर के केन्द्रीय कार्यालयों से 09 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला के समन्वयक श्री डी.के. तिवारी थे एवं संकाय सदस्य के रूप में डॉ. (श्रीमती) किरण सक्सेना, डॉ. संजय अग्रवाल व श्रीमती अनिता लाला ने सहयोग प्रदान किया।



## बधाई

संस्थान के प्रशासकीय विभाग द्वारा विभिन्न प्रशासकीय गतिविधियों में आवश्यकता एवं समय की मांग के अनुरूप तथा संचालक मण्डल की स्वीकृति अनुसार निम्नलिखित अधिष्ठाता एवं सह अधिष्ठाता नामित किये गये।

| विभाग का नाम | अधिष्ठाता | सह अधिष्ठाता |
|---|---|---|
| अधिष्ठाता अकादमिक एण्ड रिसर्च | प्रो. बी. एल. गुप्ता | प्रो. (श्रीमती) सुसन एस. मैथ्यू |
| अधिष्ठाता प्रशासन | प्रो. पीयूष वर्मा | डॉ. अजय कुमार सराठे |
| अधिष्ठाता इस्टेट एण्ड इंफास्ट्रक्चर प्रबंधन | प्रो. सुब्रत रॉय | डॉ. शरद के. प्रधान |
| अधिष्ठाता स्टूडेंट अफेयर्स | प्रो. अंजू रौले | डॉ. (श्रीमती) वन्दना सोमकुंवर |
| अधिष्ठाता प्लानिंग एण्ड मानिटरिंग | प्रो. जोशुआ अर्नेस्ट | डॉ. के. जे. मथाई |

कर्मचारी कल्याण कोष समिति द्वारा तेरह कर्मचारियों को अक्टूबर से दिसंबर तक अग्रिम का लाभ दिया गया।

# विदाई

निदेशक कार्यालय में कार्यरत श्री टी. मुरलीधरन, निदेशक महोदय के वरिष्ठ निजी सहायक को उनकी अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर दिनांक 30 नवम्बर, 2017 को सेवा निवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उनके स्वस्थ एवं सफल जीवन हेतु शुभकामनाएँ।

# दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि

संस्थान के वरिष्ठ कर्मचारी श्री मूलचंद यादव, एमएसए दिनांक 03 दिसम्बर 2017 को हमारे बीच नहीं रहे। एनआईटीटीटीआर परिवार की ओर से दिवंगत आत्मा को श्रंद्धाजलि।

## एनआईटीटीटीआर, भोपाल द्वारा अक्टूबर नवम्बर दिसंबर 2017 में संपन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम

| No. | Title of the Programme | Duration | Venue |
|---|---|---|---|
| 1. | Accreditation For Engineering & Polytechnics Colleges | 02-06 Oct 17 | Bhopal |
| 2. | Open Source Solutions | 02-06 Oct 17 | Bhopal |
| 3. | Climate Change, Scenario, Development for Policy Analysis (TCS**) | 02-13 Oct 17 | Bhopal |
| 4. | Induction Phase- I | 02-13 Oct 17 | Bhopal (For Guj) |
| 5. | First Course Training-cum-Detailing Workshop (For 1st Group, 5th Semester Programmes) | 03-05 Oct 17 | Pune |
| 6. | Environmental Pollution and Solid Waste Management (TCS**) | 09-13 Oct 17 | Bhopal |
| 7. | Construction Management & Contract Practices | 09-13 Oct 17 | Bhopal |
| 8. | Work Ethics and e-governance (for supporting staff) | 09-13 Oct 17 | Goa |
| 9. | Training cum workshop Curriculum Implementation & Assessment for CRP,CSVTU Bhilai | 09-13 Oct 17 | Raipur |
| 10. | First Course Training-cum-Detailing Workshop (For 2nd Group, 5th Semester Programmes) | 11-13 Oct 17 | Pune |
| 11. | Developing Entrepreneurship Skills | 23-27 Oct 17 | Bhopal |
| 12. | Special Electrical Machines & Control | 23-27 Oct 17 | Bhopal |
| 13. | Basic of Computers | 23-27 Oct 17 | Bhopal |
| 14. | Induction Phase- II | 23 Oct-03 Nov 17 | Bhopal (Open online) |
| 15. | Induction Phase-I | 23 Oct-03 Nov 17 | Ahmedabad (For Guj) |
| 16. | Industrial Safety and Disaster Management | 30 Oct-03 Nov 17 | Bhopal |
| 17. | VLSI and Embedded System Design | 30 Oct-03 Nov 17 | Bhopal |
| 18. | Simulation using CATIA | 30 Oct-03 Nov 17 | Bhopal |
| 19. | NBA Accreditation | 30 Oct-03 Nov 17 | Pune |
| 20. | Induction Programme For Vocational Instructors Under PWD Scheme | 06-10 Nov 17 | Bhopal |
| 21. | Advances in Automobile Engineering (for Automobile Branch only) | 06-10 Nov 17 | Ahmedabad |
| 22. | Wireless & Mobile Communication (for EC branch only) | 06-10 Nov 17 | Ahmedabad |
| 23. | Multi Media Development (Coral Draw & Photoshop) | 06-10 Nov 17 | Ahmedabad |
| 24. | Communication and Presentation Skills | 06-10 Nov 17 | Goa |
| 25. | Training cum workshop Curriculum Implementation & Assessment for CRP,CSVTU Bhilai | 06-10 Nov 17 | Raipur |
| 26. | Quality Management Systems (TCS**) | 06-17 Nov 17 | Bhopal |
| 27. | Induction Phase- II | 06-17 Nov 17 | Bhopal (For MP) |
| 28. | Advanced Java Programming | 13-11 Nov 17 | Bhopal |
| 29. | Green Technologies for Sustainable Development | 13-17 Nov 17 | Bhopal |
| 30. | Application of Mathematics in Science and Engineering (only for Maths Faculty) | 13-17 Nov 17 | Ahmedabad |
| 31. | Development of Teaching Learning Resources Using Digital Media (TCS) | 13-24 Nov 17 | Bhopal |
| 32. | Second Course Training-cum-Detailing Workshop (For 1st Group, 5th Semester Programmes) | 21-23 Nov 17 | Pune |
| 33. | NBA Accreditation & Academic Audit | 20-24 Nov 17 | Ahmedabad |
| 34. | Quality Management Systems | 20-24 Nov 17 | Ahmedabad |
| 35. | Induction Phase- II | 20 Nov-01 Dec 17 | Bhopal (Open online) |
| 36. | Effective Implementation of Outcome Based Curriculum | 27 Nov-01 Dec 17 | Ahmedabad |
| 37. | Emotional Intelligence | 27 Nov-01 Dec 17 | Goa |
| 38. | Modeling for Energy and Emissions Policy Framework | 27 Nov-01 Dec 17 | Bhopal |
| 39. | Enhancing Vocational Skills and Start-ups (TCS**) | 27 Nov-01 Dec 17 | Bhopal |
| 40. | MATLAB Software | 27 Nov-01 Dec 17 | Bhopal |
| 41. | Academic Audit & NBA Accreditation | 04-08 Dec 17 | Bhopal |
| 42. | Laser Sciences and Technology | 04-08 Dec 17 | Bhopal |
| 43. | Advances in Automobile Engineering | 04-08 Dec 17 | Bhopal |
| 44. | Tendering & Contract Management in Institutes | 04-08 Dec 17 | Ahmedabad |
| 45. | Induction Phase- II | 04-15 Dec 17 | Bhopal (For MP) |
| 46. | Induction Phase-II | 04-15 Dec 17 | Pune (For Mah) |
| 47. | Cloud and Big Data Computing (with TCS) | 04-15 Dec 17 | Bhopal |
| 48. | Second Training-cum-Course Detailing Workshop (For 2nd Group, 5th Semester Programmes) | 05-07 Dec 17 | Pune |
| 49. | Rain Water Harvesting and Water Resource Management | 11-15 Dec 17 | Goa |
| 50. | Developing Professional Skills for Academic Excellence | 11-15 Dec 17 | Raipur |
| 51. | 3D Animation | 11-15 Dec 17 | Bhopal |
| 52. | Guidance, Counseling, Mentoring & Value Education for Teacher | 11-15 Dec 17 | Ahmedabad |
| 53. | Organization and Management of Institutional Effectiveness | 18-22 Dec 17 | Bhopal |
| 54. | 2D Animation | 18-22 Dec 17 | Bhopal |
| 55. | Development of Web based Application using PHP | 18-22 Dec 17 | Bhopal |
| 56. | Advances in Manufacturing (Machining & Fabrication) | 18-22 Dec 17 | Ahmedabad |
| 57. | Advances in Instrumentation & Control Engineering (for IC Branch only) | 18-22 Dec 17 | Ahmedabad |
| 58. | Industrial Automation & Robotics (for Mechanical Branch Only) | 18-22 Dec 17 | Ahmedabad |
| 59. | Academic Audit For Effective Curriculum Implementation & Evaluation | 18-22 Dec 17 | Pune |
| 60. | Induction Phase- I | 18-29 Dec 17 | Bhopal (For Guj) |
| 61. | Induction Phase-I | 18-29 Dec 17 | Bhilai (For CG) |
| 62. | TOT for developing employable /soft skills | 25-29 Dec 17 | Bhopal |

# एनआईटीटीटीआर भोपाल में आयोजित विभिन्न गतिविधियाँ






















संरक्षक : प्रो. सी. थंगराज, निदेशक, संपादक : प्रो. पी. के. पुरोहित, सह–संपादक : श्रीमती शोभा लेखवानी,
सहयोग : श्रीमती अनिता लाला, टंकण : श्री सुधीर त्रिपाठी, छायांकन : श्री रितेन्द्र पवार
आन्तरिक वितरण हेतु राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल द्वारा प्रकाशित एवं भंडारी ऑफसेट प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित